राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक: 01] सोलहवीं विधान सभा के पहले सत्र का पहला दिवस [संख्या: 01

बुधवार,

20 दिसम्बर 2023

(राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे

राजस्थान विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।)

(श्री कालीचरण सराफ, अस्थायी अध्यक्ष, पदासीन)

राष्ट्रीय गीत

वंदे मातरम्, वंदे मातरम्!
सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्,
शस्यश्यामलाम्, मातरम्! वंदे मातरम्!
शुभ्रज्योत्सनाम् पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्
सुखदाम् वरदाम्, मातरम्!
वंदे मातरम्, वंदे मातरम्॥

सदन पटल पर रखे गये पत्र

अधिसूचना

संसदीय कार्य विभाग

कालीचरण सराफ, श्री, सदस्य, राजस्थान विधान सभा की अस्थायी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

श्री अध्यक्ष: प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा द्वारा पढ़ी जाने वाली अधिसूचनाएं।

प्रमुख सचिव, विधान सभा।

प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा: महोदय, मालवीय नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित श्री कालीचरण सराफ की सामयिक अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति, उनके समक्ष विधान सभा के सदस्यों द्वारा शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने, अस्थायी अध्यक्ष की सहायतार्थ की गई नियुक्तियों

(प्रमुख सचिव)

तथा अस्थायी अध्यक्ष द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को अपराह्न 04.30 बजे राज्यपाल महोदय के सम्मुख सदस्य के रूप में शपथ लेने सम्बन्धी अधिसूचनाएं निम्न प्रकार हैं:-

(1) अधिसूचना क्रमांक: प.1(1)संसद/2023 दिनांक 18 दिसम्बर, 2023

"यत: अध्यक्ष का पद सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के प्रथम सत्र का प्रारम्भ होने से ठीक पूर्व दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 को रिक्त हो जाएगा; और

"यत: उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त हो गया है।

"अत: भारत के संविधान के अनुच्छेद-180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान, मालवीय नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र (54) से निर्वाचित सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के सदस्य श्री कालीचरण सराफ को उक्त सत्र के प्रारम्भ होने से सदन द्वारा अध्यक्ष के निर्वाचन किये जाने तक अध्यक्ष के कृत्यों का पालन और कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए, एतद्द्वारा नियुक्त करता हूं।

कलराज मिश्र,

राज्यपाल, राजस्थान।"

(2) अधिसूचना क्रमांक: प.1(1)संसद/2023 दिनांक 18 दिसम्बर, 2023

"भारत के संविधान के अनुच्छेद-188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान, श्री कालीचरण सराफ, जो मालवीय नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र (54) से सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए हैं, को एतद्द्वारा उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त करता हूं, जिनके समक्ष सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के सदस्य शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे तथा उस पर हस्ताक्षर करेंगे।

कलराज मिश्र,

राज्यपाल, राजस्थान।"

(प्रमुख सचिव)

(3) अधिसूचना क्रमांक: प.1(1)संसद/2023 दिनांक 18 दिसम्बर, 2023

"दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 के उस आदेश के अनुसरण में, जिसके द्वारा श्री कालीचरण सराफ, सामयिक अध्यक्ष को, उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया गया है जिनके समक्ष सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के नव-निर्वाचित सदस्य शपथ ले सकेंगे या प्रतिज्ञान कर सकेंगे और उस पर हस्ताक्षर कर सकेंगे, मैं कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान, भारत के संविधान के अनुच्छेद-188 द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त प्रयोजन के लिए श्री कालीचरण सराफ, मालवीय नगर निर्वाचन क्षेत्र (54) की सहायता करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को भी एतद्द्वारा नियुक्त करता हूं:-

1. डा. दयाराम परमार
2. श्री प्रताप सिंह सिंघवी, व
3. श्री किरोड़ी लाल

कलराज मिश्र,

राज्यपाल, राजस्थान।"

(4) अधिसूचना क्रमांक: एफ 14(1)सदन/विस/2023 दिनांक 18 दिसम्बर, 2023

"श्री कालीचरण सराफ, सदस्य, विधान सभा ने भारत के संविधान की तृतीय अनुसूची में दिये गये प्रपत्र-7ख के अनुसार दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को अपराह्न 04.30 बजे राज्यपाल महोदय के समक्ष शपथ ग्रहण कर ली है।"

मैं इन अधिसूचनाओं को सदन की मेज पर रखता हूं।

सभापति तालिका

श्री अध्यक्ष: मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि माननीय राज्यपाल महोदय ने निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नियुक्त किया है:-

1. डा. दयाराम परमार,
2. श्री प्रताप सिंह सिंघवी, व
3. श्री किरोड़ी लाल।

(श्री अध्यक्ष)

प्रमुख सचिव, विधान सभा।

माननीय सदस्यों द्वारा शपथ अथवा प्रतिज्ञान।

व्यवस्था का प्रश्न

विधान सभा के आम चुनावों के पश्चात् प्रथम सत्र का प्रारम्भ माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से होना चाहिए

श्री शान्ती धारीवाल (कोटा उत्तर): स्पीकर सर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री अध्यक्ष: हां।

श्री शान्ती धारीवाल (कोटा उत्तर): नियम 302 कहता है कि चुनावों के बाद जब भी हाउस बुलाया जाता है, जो कांस्टीट्यूशन में 176 में लिखा हुआ है, आम चुनावों के बाद सबसे पहला सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। 24 घण्टे के अन्दर-अन्दर आपने नोटिस देकर के यह बुलवा लिया, यह क्या बात हुई? यह कोई भजन मंडली तो है नहीं कि मेरे घर पर आज कोई भजन हो रहा है और मैंने आपको बुला लिया, आ जाइए, आ जाइए, आज शाम को भजन है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: माननीय सदस्य, बैठिए, बैठिए। (व्यवधान) विराजिए, विराजिए। (व्यवधान)

पहले माननीय सदस्यों की शपथ होती है और उसके बाद सदन आहूत होगा। उसमें राज्यपाल महोदय का अभिभाषण होगा। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र पारीक (सीकर): माननीय अध्यक्ष महोदय, पहले व्यवस्था का प्रश्न तो लीजिए।

श्री जोगाराम पटेल (लूणी): नहीं, संविधान में कहीं ऐसा नहीं है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: ऐसा नहीं है। पहले माननीय सदस्यों की शपथ होगी और उसके बाद जब सदन आहूत होगा, उसमें माननीय राज्यपाल महोदय अभिभाषण करेंगे। सदन की यही परम्परा रही है। (व्यवधान) बैठिए।

माननीय सदस्यों द्वारा शपथ एवं प्रतिज्ञान।

प्रमुख सचिव, विधान सभा।

(श्री अध्यक्ष)

शपथ/प्रतिज्ञान

नव-निर्वाचित सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान

(माननीय सदस्यों ने उनके नाम के सम्मुख अंकित भाषा में शपथ ग्रहण की/प्रतिज्ञान किया)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
1	2	3	4
1.	श्री भजन लाल शर्मा (सांगानेर)	शपथ	हिन्दी
2.	श्रीमती दिया कुमारी (विद्याधर नगर)	शपथ	हिन्दी
3.	डा. प्रेम चन्द बैरवा (दूदू)	शपथ	हिन्दी
4.	डा. दयाराम परमार (खेरवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
5.	श्री प्रताप सिंह सिंघवी (छबड़ा)	शपथ	हिन्दी
	श्री किरोड़ी लाल (सवाई माधोपुर)	(अनुपस्थित)	

श्री अंशुमान सिंह भाटी (कोलायत): हूं अंशुमान सिंह भाटी, जीको विधान सभा सदस्य रूप में चुणो ज्यूंहूं अर ईश्वर री सौगन्ध ल्यूं कि विधि सूं स्थापित भारत रे संविधान रे मांय सांची श्रद्धा अर निष्ठा राखूंला। हूं भारत री सम्प्रभुता अर अखण्डता नै आखी राखूंला अर जिण पद नै हूं ग्रहण करूंला, उण रे कर्त्तव्य नै पूरी श्रद्धा रे सागे निभाउंला। जय श्री राम।

प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा: हमारी वाली पढ़ेंगे आप। राजस्थानी में नहीं।

श्री अंशुमान सिंह भाटी (कोलायत): मैंने नोटिस में डाला था। कल ही मैंने मेल किया था राजस्थानी भाषा में शपथ के लिए। मैं आपके नोटिस में लेकर आया था। आपसे उम्मीद करता हूं कि आप सभी सहयोग करेंगे। शेम की बात नहीं है। राजस्थानी भाषा हम सबका गर्व है। यह शेम की बात नहीं है। आप ऐसे किसी को टोक नहीं सकते।

श्री अध्यक्ष: माननीय सदस्य, ऐसा है कि आठवीं अनुसूची में जो शामिल हैं, उन्हीं भाषाओं में हम शपथ ले सकते हैं। राजस्थानी भाषा उसमें शामिल नहीं है, इसलिए आप उसमें शपथ नहीं ले सकते। यहां पहले रूलिंग भी दी हुई है। यहां पहले अध्यक्ष जी ने व्यवस्था दी हुई है कि "राजस्थानी भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता नहीं मिली है। अत:

(श्री अध्यक्ष)

जब तक राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं कर लिया जाता, तब तक राजस्थानी भाषा में शपथ नहीं ली जा सकती।" इसलिए आप हिन्दी या अंग्रेजी में...

श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़): अब तो डबल इंजन की सरकार आ गयी। अब तो राजस्थानी को मान्यता दिला दें। आप कमिटमेंट तो करें।

श्री अध्यक्ष: अभी तक मान्यता नहीं है। जब मान्यता हो जायेगी तो हो जायेगा।

श्री अंशुमान सिंह भाटी (कोलायत): सभापति महोदय, सदन का मान रखते हुए मैं हिन्दी में भी शपथ लेने के लिए बात आगे बढ़ा रहा हूं।

श्री जोगेश्वर गर्ग (जालौर): अध्यक्ष महोदय, मुझे कुछ निवेदन करना है। सर, संविधान में मान्यता नहीं होने के बाद भी लोक सभा में कोंकणी भाषा में अनुमति लेकर भाषण हो चुके हैं। संवैधानिक मान्यता नहीं होने के बाद भी मैथिली भाषा में हुकुमदेव नारायण सिंह यादव और कीर्ति आजाद शपथ ले चुके हैं। भूपेश बघेल साहब बिना संवैधानिक मान्यता के छत्तीसगढ़ी में मुख्य मंत्री की शपथ ले चुके तो राजस्थानी में क्यों नहीं अलाउ कर सकते? आपको करना चाहिये, प्लीज। मेरा निवेदन है कि आपको करना चाहिये।

श्री अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपने जो बातें कहीं हैं, मैथिली भाषा तो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है। राजस्थानी भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है। हमारे यहां की व्यवस्था पूर्व अध्यक्ष ने दी हुई है, जब तक वह आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं होगी, राजस्थानी भाषा में शपथ नहीं ली जा सकती। आप हिन्दी में लीजिये।

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
6.	श्री अंशुमान सिंह भाटी (कोलायत)	शपथ	हिन्दी
7.	श्री अजय सिंह (डेगाना)	शपथ	हिन्दी
8.	श्री अतुल भंसाली (जोधपुर)	शपथ	हिन्दी
9.	श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण)	शपथ	हिन्दी
10.	श्री अनिल कुमार शर्मा (सरदारशहर)	शपथ	हिन्दी
11.	श्रीमती अनीता जाटव (हिन्डौन)	शपथ	हिन्दी
12.	श्री अभिमन्यु (संगरिया)	शपथ	हिन्दी

(श्री अध्यक्ष)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
14.	श्री अमित चाचाण (नोहर)	शपथ	हिन्दी
15.	श्री अमीन कागजी (किशन पोल)	शपथ	हिन्दी
16.	श्री अमृतलाल मीणा (सलूम्बर)	शपथ	हिन्दी
17.	श्री अरूण चौधरी (पचपदरा)	शपथ	हिन्दी
18.	श्री अर्जुन लाल (बिलाड़ा)	शपथ	हिन्दी
19.	श्री अर्जुन लाल जीनगर (कपासन)	शपथ	हिन्दी
20.	श्री अर्जुनसिंह बामणीया (बांसवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
21.	श्री अविनाश गहलोत (जैतारण)	शपथ	हिन्दी
22.	श्री अशोक (हिण्डोली)	शपथ	हिन्दी
23.	श्री अशोक कुमार कोठारी (भीलवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
24.	श्री अशोक गहलोत (सरदारपुरा)	शपथ	हिन्दी
25.	श्री आदू राम मेघवाल (चौहटन)	शपथ	हिन्दी
26.	श्रीमती इन्द्रा (बामनवास)	शपथ	हिन्दी
	श्री उदयलाल डांगी (वल्लभनगर)	(अनुपस्थित)	
26.	श्री उदयलाल भडाणा (माण्डल)	शपथ	संस्कृत
27.	श्री उमेश मीणा (आसपुर)	शपथ	हिन्दी
28.	डा. ऋतु बनावत (बयाना)	शपथ	हिन्दी
29.	श्री ओटा राम देवासी (सिरोही)	शपथ	हिन्दी
30.	श्री कंवरलाल (अंता)	शपथ	हिन्दी
31.	श्री कन्हैयालाल (मालपुरा)	शपथ	हिन्दी
32.	श्रीमती कल्पना देवी (लाडपुरा)	शपथ	हिन्दी
33.	श्री कान्ति प्रसाद (थानागाजी)	शपथ	हिन्दी
34.	श्री कालूराम (डग)	शपथ	हिन्दी
35.	श्री कुलदीप (विराटनगर)	शपथ	हिन्दी
36.	श्री कृष्ण कुमार के. के. विश्नोई (गुड़ा मालानी)	शपथ	हिन्दी
37.	श्री केसाराम चौधरी (मारवाड़ जंक्शन)	शपथ	हिन्दी
38.	श्री कैलाश चन्द वर्मा (बगरू)	शपथ	हिन्दी

(श्री अध्यक्ष)

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
39.	श्री कैलाशचन्द्र मीणा (गढ़ी)	शपथ	संस्कृत
40.	श्री गजेन्द्र सिंह (लोहावट)	शपथ	हिन्दी
41.	श्री किरोड़ी लाल (सवाई माधोपुर)	शपथ	हिन्दी
42.	श्री गणेश घोगरा (डूंगरपुर)	शपथ	हिन्दी
43.	श्री गणेशराज बंसल (हनुमानगढ़)	शपथ	हिन्दी
44.	श्रीमती गीता बरवड़ (भोपालगढ़)	शपथ	हिन्दी
45.	श्री गुरवीर सिंह (सादुलशहर)	शपथ	हिन्दी
46.	श्री गोतम कुमार (बड़ी सादड़ी)	शपथ	हिन्दी
47.	श्री गोपाल लाल शर्मा (माण्डलगढ)	शपथ	संस्कृत
48.	श्री गोपाल शर्मा (सिविल लाइन्स)	शपथ	संस्कृत
49.	श्री गोपीचन्द मीणा (जहाजपुर)	शपथ	हिन्दी
50.	श्री गोरधन (धोद)	शपथ	हिन्दी
51.	श्री गोविन्द प्रसाद (मनोहर थाना)	शपथ	हिन्दी
52.	श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़)	शपथ	हिन्दी

श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़): 000

श्री अध्यक्ष: ऐसे यह अलाउ नहीं है। यह कार्यवाही से निकाला जाए। शपथ के अलावा जो भी शब्द इन्होंने कहे हैं, वे कार्यवाही में शामिल नहीं होंगे।

श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़): 000

श्री अध्यक्ष: शपथ के अलावा जो भी बोला गया है, वह अंकित नहीं होगा। कृपया उसको डिलीट कर दें।

श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़): 000

श्री अध्यक्ष: धन्यवाद।

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
53.	श्री घनश्याम (टोडाभीम)	शपथ	हिन्दी
54.	श्री चन्द्रभान सिंह चौहान (चित्तौड़गढ़)	शपथ	हिन्दी
55.	श्री चुन्नीलाल सी.एल. प्रेमी बैरवा (केशोरायपाटन)	शपथ	हिन्दी

(श्री अध्यक्ष)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
56.	श्री चेतन पटेल कोलाना (पीपल्दा)	शपथ	हिन्दी
57.	श्री छगनसिंह राजपुरोहित (आहोर)	शपथ	संस्कृत
58.	श्री छोटूसिंह (जैसलमेर)	शपथ	हिन्दी
	जगत सिंह (नदबई)	(अनुपस्थित)	
59.	श्री जब्बर सिंह सांखला (आसीन्द)	शपथ	हिन्दी
60.	श्री जयदीप बिहाणी (गंगानगर)	शपथ	हिन्दी
61.	श्री जवाहरसिंह बेढ़म (नगर)	शपथ	हिन्दी
62.	श्री जसवंत सिंह गुर्जर (बाड़ी)	शपथ	हिन्दी
63.	डा. जसवंत सिंह यादव (बहरोड़)	शपथ	हिन्दी
64.	श्री जाकिर हुसैन गैसावत (मकराना)	शपथ	हिन्दी
	श्री जितेन्द्र कुमार गोठवाल (खण्डार)	(अनुपस्थित)	
	श्री जीवाराम चौधरी (सांचोर)	(अनुपस्थित)	
65.	श्री जुबेर खान (रामगढ़)	शपथ	संस्कृत
66.	श्री जेठानन्द व्यास (बीकानेर पश्चिम)	शपथ	संस्कृत
67.	श्री जोगाराम पटेल (लूणी)	शपथ	हिन्दी
68.	श्री जोगेश्वर गर्ग (जालौर)	शपथ	संस्कृत
69.	श्री जोराराम कुमावत (सुमेरपुर)	शपथ	संस्कृत
70.	श्री झाबर सिंह खर्रा (श्रीमाधोपुर)	शपथ	हिन्दी
71.	श्री टीकाराम जूली (अलवर ग्रामीण)	शपथ	हिन्दी

श्री डूंगरराम गेदर (सूरतगढ़): सर, मैं राजस्थानी में लूंगा। जब राजस्थान में राजस्थानी पढ़ाई जाती है स्कूल से लेकर, कालेज से लेकर यूनिवर्सिटी तक। जब विभिन्न संस्थाएं बना रखी हैं, 25 अगस्त, 2003 को सारी विधान सभा ने प्रस्ताव पास करके भिजवाया है, तो हम चाहते हैं कि राजस्थानी भाषा में शपथ लें।

श्री अध्यक्ष: यह रूलिंग दे चुके हैं कि आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है।

श्री डूंगरराम गेदर (सूरतगढ़): सर, आठवीं अनूसूची में तो अंग्रेजी भी शामिल नहीं है।

श्री अध्यक्ष: इसका इलाज नहीं है। आठवीं अनुसूची में जब शामिल होगी तब आप राजस्थानी भाषा में शपथ ले सकते हैं। अभी तो आपको हिन्दी, संस्कृत या अंग्रेजी में लेनी पड़ेगी।

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
72.	श्री डूंगरराम गेदर (सूरतगढ़)	शपथ	हिन्दी
73.	श्री ताराचन्द (डूंगरगढ़)	शपथ	हिन्दी
74.	श्री ताराचन्द जैन (उदयपुर)	शपथ	हिन्दी

श्री थावर चन्द (धरियावद): मैं अपने पुरखों को नमन करते हुए, थावर चन्द मीणा जो विधान सभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं कुदरत की शपथ लेता हूं......

श्री अध्यक्ष: जो इसमें लिखा हुआ है वही पढ़िए।

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
75.	श्री थावर चन्द (धरियावद):	शपथ	हिन्दी

श्री अध्यक्ष: इसमें जो प्रोफार्मा दिया हुआ है, उसी को पढ़कर शपथ लें, अपनी तरफ से कुछ भी जोड़ें या घटाएं नहीं। वह अंकित नहीं होगा।

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
76.	श्री दर्शनसिंह (करौली)	शपथ	हिन्दी
77.	श्री दीपचन्द खैरिया (किशनगढ़ बास)	शपथ	हिन्दी
78.	श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी (राजसमन्द)	शपथ	संस्कृत
79.	श्री देवी सिंह शेखावत (बानसूर)	शपथ	हिन्दी
80.	श्री देवेन्द्र जोशी (सूरसागर)	शपथ	हिन्दी
	श्री धर्मपाल (खेतड़ी)	(अनुपस्थित)	
81.	श्री नरेन्द्र बुडानियां (तारानगर)	शपथ	हिन्दी
82.	श्री नाना लाल निनामा (घाटोल)	शपथ	हिन्दी
83.	सुश्री नौक्षम (कामां)	शपथ	संस्कृत
84.	श्री पब्बाराम विश्नोई (फलौदी)	शपथ	संस्कृत
85.	श्री पितराम सिंह काला (पिलानी)	शपथ	हिन्दी
86.	श्री पुष्कर लाल डांगी (मावली)	शपथ	हिन्दी
87.	श्री पुष्पेन्द्र सिंह (बाली)	शपथ	हिन्दी

(श्री अध्यक्ष)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
88.	श्री पूसाराम गोदारा (रतनगढ़)	शपथ	हिन्दी
89.	श्री प्रताप पुरी (पोकरण)	शपथ	संस्कृत
90.	श्री प्रताप लाल भील (गोगून्दा)	शपथ	हिन्दी
91.	श्री प्रशान्त शर्मा (आमेर)	शपथ	हिन्दी
92.	डा. प्रियंका चौधरी (बाड़मेर)	शपथ	हिन्दी
93.	श्री फूल सिंह मीणा (उदयपुर ग्रामीण)	शपथ	हिन्दी
	श्री बहादुर सिंह (वैर)	(अनुपस्थित)	
94.	श्री बाबूलाल खराड़ी (झाडोल)	शपथ	हिन्दी
95.	श्री बाबूसिंह राठौड़ (शेरगढ़)	शपथ	संस्कृत
96.	श्री बालमुकुन्दाचार्य (हवा महल)	शपथ	संस्कृत

(समय: 12.33 बजे)

(श्री किरोड़ी लाल, सभापति, पदासीन)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
97.	श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुन्झुनूं)	शपथ	हिन्दी
98.	श्री भगवाना राम सैनी (उदयपुरवाटी)	शपथ	हिन्दी
	श्री भागचन्द टांकड़ा (बांदीकुई)	(अनुपस्थित)	

श्री भीम राज भाटी (पाली): अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थानी में शपथ लेना चाहता हूं। सर, 09 अक्टूबर और 10 अक्टूबर, 1999 में पार्लियामेंट में कीर्ति आजादजी और हुकुमनारायण यादवजी को लोक सभा स्पीकर ने लॉ मिनिस्ट्री से सलाह लेकर मैथिली में शपथ ग्रहण करने का आदेश दिया था।

श्री सभापति: माननीय सदस्य, राजस्थानी भाषा नोटिफाई नहीं हुई है, इसलिए हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत में ही लेनी है।

श्री भीम राज भाटी (पाली): मैथिली भी नोटिफाई नहीं थी। संविधान के रूल 120 में लॉ मिनिस्ट्री ने एडवाइज दिया लोक सभा स्पीकर को।

श्री सभापति: हाउस की व्यवस्था यह हो गयी कि हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत में ही शपथ लें।

(श्री सभापति)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
99.	श्री भीम राज भाटी (पाली)	शपथ	हिन्दी
100.	श्री भैरा राम चौधरी (सियोल) (ओसियां)	शपथ	हिन्दी
101.	श्री मदन दिलावर (रामगंज मण्डी)	शपथ	हिन्दी
102.	डा. मंजू बाघमार (जायल)	शपथ	हिन्दी
103.	श्री मनीष यादव (शाहपुरा)	शपथ	हिन्दी
104.	श्री मनोज कुमार (सुजानगढ़)	शपथ	हिन्दी
105.	श्री मनोज कुमार (सादुलपुर)	शपथ	हिन्दी
	महन्त बालकनाथ	(अनुपस्थित)	
106.	श्री महेन्द्र पाल मीना (जमवारामगढ़)	शपथ	हिन्दी
	श्री महेन्द्र जीत सिंह मालविया (बागीदोरा)	(अनुपस्थित)	
107.	श्री मांगेलाल मीना (राजगढ़-लक्ष्मणगढ़)	शपथ	हिन्दी
108.	श्री मुकेश भाकर (लाडनूं)	शपथ	हिन्दी
109.	श्री मुरारी लाल मीना (दौसा)	शपथ	हिन्दी
110.	श्री मोतीराम (रेवदर)	शपथ	हिन्दी
111.	श्री यूनुस खान (डीडवाना)	शपथ	संस्कृत

श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़): इनको और क्या परीक्षा देनी पड़ेगी? इनको क्या परीक्षा देनी पड़ेगी? इन्होंने संस्कृत में शपथ ली है, फिर भी आप मानने को तैयार नहीं हैं।

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
112.	श्री रतन देवासी (रानीवाड़ा)	शपथ	हिन्दी

श्री सभापति: आप जल्दबाजी कर गये, मैंने मैं नहीं बोला। आओ, रफीक जी।

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
113.	श्री रफीक खान (आदर्श नगर)	शपथ	हिन्दी
114.	श्रीमती रमीला खड़ीया (कुशलगढ़)	शपथ	हिन्दी
115.	श्री रमेश खींची (कठूमर)	शपथ	हिन्दी

श्री रविन्द्र सिंह भाटी (शिव): 000

श्री सभापति: रविन्द्र जी, थोड़ा लीगली हिन्दी में।

(श्री सभापति)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
116.	श्री रविन्द्र सिंह भाटी	शपथ	हिन्दी

श्री सभापति: पहले वाली अंकित नहीं होगी।

प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा : श्री राजकुमार रोत।

श्री राजकुमार रोत (चौरासी): 117. मैं, राजकुमार रोत जो विधान सभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हूं ईश्वर 000 की शपथ लेता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखूंगा।

मैं, भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूं, उसके कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूंगा।

श्री सभापति: यह रोत साहब ने जो बोला है प्रकृति और रफीक साहब ने खुदा बोला था, वह अंकित नहीं होंगे।

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
118.	श्री राजेन्द्र (महवा)	शपथ	हिन्दी
119.	श्री राजेन्द्र पारीक (सीकर)	शपथ	हिन्दी
120.	कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ (झोटवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
121.	श्री राधेश्याम बैरवा (बारां-अटरू)	शपथ	हिन्दी
122.	श्री राम सहाय वर्मा (रेगर) (निवाई)	शपथ	हिन्दी
123.	श्री रामकेश (गंगापुर)	शपथ	हिन्दी
124.	श्री रामनिवास गावड़िया (परबतसर)	शपथ	हिन्दी
125.	श्री रामबिलास (लालसोट)	शपथ	हिन्दी
126.	श्री रामस्वरूप लाम्बा (नसीराबाद)	शपथ	हिन्दी
127.	श्री रामावतार बैरवा (चाकसू)	शपथ	हिन्दी
128.	कुमारी रीटा चौधरी (मंडावा)	शपथ	हिन्दी
129.	श्री रोहित बौहरा (राजाखेड़ा)	शपथ	हिन्दी
130.	श्री लक्ष्मण (बस्सी)	शपथ	हिन्दी
	श्री लक्ष्मण राम (मेड़ता)	(अनुपस्थित)	
131.	श्री ललित मीना (किशनगंज)	शपथ	हिन्दी
132.	श्री ललित यादव (मुण्डावर)	शपथ	हिन्दी

(श्री सभापति)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
133.	श्री लादु लाल पितलिया (सहाड़ा)	शपथ	संस्कृत
134.	श्री लालाराम बैरवा (शाहपुरा)	शपथ	हिन्दी
135.	श्रीमती वसुन्धरा राजे (झालरापाटन)	शपथ	हिन्दी
136.	श्री वासुदेव देवनानी (अजमेर उत्तर)	शपथ	संस्कृत
137.	श्री विकास चौधरी (किशनगढ़)	शपथ	हिन्दी
138.	श्री विक्रम बंशीवाल (सिकराय)	शपथ	हिन्दी
139.	श्री विक्रम सिंह जाखल (नवलगढ़)	शपथ	हिन्दी
	(समय: 13.09 बजे)		
	(श्री कालीचरण सराफ, अध्यक्ष, पदासीन)		
140.	श्री विजय सिंह (नावां)	शपथ	हिन्दी
141.	श्री विद्याधर सिंह (फुलेरा)	शपथ	हिन्दी
142.	श्री विनोद कुमार (पीलीबंगा)	शपथ	हिन्दी
	श्री विरेन्द्र सिंह (मसूदा)	(अनुपस्थित)	
143.	श्री वीरेन्द्र सिंह (दांतारामगढ़)	शपथ	हिन्दी
144.	डा. विश्वनाथ मेघवाल (खाजूवाला)	शपथ	हिन्दी
145.	श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ (नाथद्वारा)	शपथ	हिन्दी
146.	श्री शंकरलाल डेचा (सागवाड़ा)	शपथ	संस्कृत
147.	श्री शंकरसिंह रावत (ब्यावर)	शपथ	हिन्दी
148.	श्री शत्रुघन गौतम (केकड़ी)	शपथ	हिन्दी
149.	श्री शान्ती धारीवाल (कोटा उत्तर)	शपथ	हिन्दी
150.	डा. शिखा मील बराला (चौमू)	शपथ	हिन्दी
151.	श्रीमती शिमला देवी (अनूपगढ़)	शपथ	हिन्दी
152.	डा. शैलेश सिंह (डीग-कुम्हेर)	शपथ	हिन्दी
153.	श्रीमती शोभा चौहान (सोजत)	शपथ	हिन्दी
154.	श्रीमती शोभारानी कुशवाह (धौलपुर)	शपथ	हिन्दी
155.	श्री श्रवण कुमार (सूरजगढ़)	शपथ	हिन्दी
	श्री श्रीचन्द कृपलानी (निम्बाहेड़ा)	(अनुपस्थित)	

(श्री अध्यक्ष)

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
156.	श्री संजय कुमार (बसेड़ी)	शपथ	हिन्दी
157.	श्री संजय शर्मा (अलवर शहर)	शपथ	हिन्दी
158.	श्री संजीव कुमार (भादरा)	शपथ	हिन्दी
159.	श्री संदीप शर्मा (कोटा दक्षिण)	शपथ	संस्कृत
160.	श्री सचिन पायलट (टोंक)	शपथ	हिन्दी
161.	श्री समरजीत सिंह (भीनमाल)	शपथ	हिन्दी
162.	श्री समाराम (पिंडवाड़ा-आबू)	शपथ	हिन्दी
163.	श्री सुरेश गुर्जर (खानपुर)	शपथ	हिन्दी
164.	सुश्री सिद्धि कुमारी (बीकानेर पूर्व)	शपथ	हिन्दी
165.	डा. सुभाष गर्ग (भरतपुर):	शपथ	हिन्दी
166.	श्री सुभाष मील (खंडेला)	शपथ	हिन्दी
167.	श्री सुमित गोदारा (लूणकरणसर)	शपथ	हिन्दी
168.	श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ (कुम्भलगढ़)	शपथ	हिन्दी
169.	डा. सुरेश धाकड़ (बेगूं)	शपथ	हिन्दी
170.	श्री सुरेश मोदी (नीम का थाना)	शपथ	हिन्दी
171.	श्री सुरेश सिंह रावत (पुष्कर)	शपथ	हिन्दी
172.	श्रीमती सुशीला रामेश्वर डूडी (नोखा)	शपथ	हिन्दी
	श्री सोहन लाल नायक (रायसिंहनगर)	(अनुपस्थित)	
173.	श्री हंसराज पटेल (कोटपूतली)	शपथ	हिन्दी
174.	श्री हंसराज मीना (सपोटरा)	शपथ	हिन्दी
175.	श्री हनुमान बेनीवाल (खींवसर)	शपथ	हिन्दी

...(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: अंकित नहीं होगा। शपथ के अलावा कुछ भी अंकित नहीं होगा। आसन पैरों पर। माननीय सदस्य, कृपया स्थान ग्रहण करें।

क्र. सं.	**सदस्य का नाम**	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
176.	श्री हमीर सिंह भायल (सिवाना)	शपथ	हिन्दी
177.	श्री हरलाल सहारण (चूरू)	शपथ	हिन्दी

(श्री अध्यक्ष)

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
178.	श्री हरिमोहन शर्मा (बून्दी)	शपथ	हिन्दी
179.	श्री हरिसिंह रावत (भीम)	शपथ	संस्कृत
180.	श्री हरीश चन्द्र मीना (देवली-उनियारा)	शपथ	हिन्दी
181.	श्री हरीश चौधरी (बायतू)	शपथ	हिन्दी
182.	श्री हरेन्द्र मिर्धा (नागौर)	शपथ	हिन्दी
183.	श्री हाकम अली खां (फतेहपुर)	शपथ	हिन्दी
184.	श्री हीरालाल नागर (सांगोद)	शपथ	हिन्दी
185.	श्री हेमन्त मीणा (प्रतापगढ़)	शपथ	हिन्दी

श्री अध्यक्ष: जो माननीय सदस्य रह गये हैं, मैं सैक्रेटरी साहब से कहूंगा कि उनके नाम दुबारा से पुकार लें। अगर कोई होगा तो उनकी शपथ हो जायेगी।

क्र. सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
186.	श्री उदयलाल डांगी (वल्लभनगर)	शपथ	हिन्दी
	श्री जगत सिंह (नदबई)	(अनुपस्थित)	
187.	श्री जितेन्द्र कुमार गोठवाल (खण्डार)	शपथ	हिन्दी
188.	श्री जीवाराम चौधरी (सांचोर)	शपथ	हिन्दी
189.	श्री धर्मपाल (खेतड़ी)	शपथ	हिन्दी
	श्री बहादुर सिंह (वैर)	(अनुपस्थित)	
	श्री भागचन्द टांकड़ा (बांदीकुई)	(अनुपस्थित)	
	महन्त बालकनाथ (तिजारा)	(अनुपस्थित)	
	श्री महेन्द्र जीत सिंह मालविया (बागीदोरा)	(अनुपस्थित)	
190.	श्री लक्ष्मण राम (मेड़ता)	शपथ	हिन्दी
	श्री विरेन्द्र सिंह (मसूदा)	(अनुपस्थित)	
	श्री श्रीचन्द कृपलानी (निम्बाहेड़ा)	(अनुपस्थित)	
	श्री सोहन लाल नायक (रायसिंहनगर)	(अनुपस्थित)	

श्री अध्यक्ष: सदन की बैठक गुरुवार, दिनांक 21 दिसम्बर 2023 के 14.30 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनंतर सदन की बैठक 13.52 बजे गुरुवार, 21 दिसम्बर 2023 के 14.30 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)